## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 23.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी आज दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे धनबाद, कल बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, बेलगड़िया टाउनशिप का लेंगे जायजा।

2. गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर अब से थोड़ी देर बाद राज्य सरकार बैंक ऑफ इंडिया के साथ करेगी एमओयू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी रहेंगे मौजूद।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता आज दोपहर बाद तीन बजे से रांची में होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।

4. राज्य पुलिस को एसआरई फंड के लिए 43 करोड़ छियासठ लाख रुपये की मंजूरी, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा होगी मजबूत।

5. रांची में आज से दो दिवसीय जनजातीय स्वशासन महोत्सव नाची से बाची शुरु, पारंपरिक स्वशासन, सांस्कृतिक चेतना और सामुदायिक लोकतंत्र को सशक्त बनाना है मकसद।

********************

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी आज दो दिवसीय दौरे पर धनबाद आयेंगे। वे आज शाम आइआइटी आइएसएम परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ क्रिटिकल–मिनिरल और वर्चुअल साइंस सिम्यूलेटर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे कोयला भवन जायेंगे , जहां वे बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। कल केन्द्रीय मंत्री बेलगड़िया टाउनशिप जायेंगे। यहां वे भूमिगत आग से प्रभावित लोगों के पुनर्वास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करेंगे। कोयला मंत्री झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण, जेआरडीए की प्रगति की समीक्षा करेंगे और सीआईएसएफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा करेंगे।

********************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रोजगार सृजन और व्यापक ग्रामीण विकास के लिए पर्याप्त निधि सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत एक लाख इक्यावन हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन प्रस्तावित किया गया है। एक वीडियो संदेश में श्री चौहान ने कहा कि श्रमिकों को अब 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है।

********************

राज्य के कर्मियों को आर्थिक लाभ देने के लिए हेमंत सोरेन सरकार गवर्नमेंट सैलरी पैकेज शुरु करने जा रही है। इस सिलसिले में अब से थोड़ी देर बाद सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच एक एमओयू किया जायेगा। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। बैंक ऑफ इंडिया के जीएम गुरु प्रसाद गौंड ने बताया कि गवर्नमेंट सैलरी पैकेज बैंकों द्वारा दिए जाने वाले विशेष बैंकिंग और वित्तीय लाभों का एक समूह है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज दोपहर बाद तीन बजे से रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में राज्यहित में कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। बैठक में पेसा नियमावली का प्रस्ताव भी आने की संभावना है।

********************

झारखंड पुलिस मुख्यालय को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए सुरक्षा संबंधी व्यय –एसआरई योजना के तहत 43 करोड़ 66 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी

इस राशि का उपयोग राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए किया जाएगा।

*********************

प्रदेश भाजपा ने राज्य में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस सिलसिले में कल रांची में हुई एक बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्षों के नामों पर चर्चा हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहु ने कहा कि जिला अध्यक्षों के नामों पर सहमति बन गयी है और जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

*********************

राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस सिलसिले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री कमलेश ने कहा कि संबंधित पार्टी पदाधिकारियों को जल्द से जल्द वार्ड कमिटियों का गठन करने के निर्देश दिये गये हैं।

*********************

जामताड़ा में विकसित भारत जी राम जी विधेयक को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने पर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

*********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आज दोपहर के कारोबार में मामूली गिरावट देखने को मिली। सेंसक्स छियासी अंक गिरकर पचासी हजार चार सौ इक्यासी पर और निफ्टी 3 अंकों की गिरावट के साथ 26 हजार एक सौ उनहतर पर था।

*********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख छबीस हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत  दो लाख 16 हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

रांची के आड्रे हाउस में आज से दो दिवसीय जनजातीय स्वशासन महोत्सव नाची से बाची शुरु हो गया है। इसका उद्देश्य पारंपरिक स्वशासन, सांस्कृतिक चेतना और सामुदायिक लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। यह आयोजन पांचवीं अनुसूची और ग्रामसभा की भूमिका पर केंद्रित है।

*********************

राष्ट्रीय किसान दिवस आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। आज के दिन देश की प्रगति और उसे आकार देने में महत्वापूर्ण योगदान के लिए किसानों का सम्मान किया जाता है।

*********************